फेस्टिवल • आईआईएम रोहतक में रात 12 बजे से 72 घंटे का नॉनस्टाप कार्निवल इंफ्यूजन-19 हुआ शुरू, देशभर से करीब 250 बिजनेस स्कूलों के प्रतिभागी लेंगे भाग

# 250 बिजनेस स्कूलों से जुटे स्टूडेंट्स रात 12 बजे साइलेंट डिस्को पर थिरके

दैनिक भास्कर Presents IIM ROHTAK'S INFUSION '19 11th-13th JAN

भास्कर न्यूज | रोहतक

आईआईएम रोहतक, दैनिक भास्कर और एलपीएस बोसार्ड के सहयोग से इंफ्यूजन-19 नॉन स्टॉप कार्निवल गुरुवार को आधी रात से ही शुरू हो गया है। रात 12 बजे 72 घंटे कार्निवल की शुरूआत के साथ ही साइलेंट डिस्को कार्यक्रम कराया गया। इसमें हैडफोन लगाए छात्र और छात्राएं खूब थिरके।

वहीं कुछ विद्यार्थियों ने लो लाइट फोटोग्राफी का लुत्फ भी उठाया। 11 से 13 जनवरी तक चलने वाले 72 घंटे कार्निवल में सांस्कृतिक, खेल, सामाजिक और प्रबंधन से संबंधित अलग-अलग प्रतियोगिताएं कराई जा रही है। इसमें देशभर से करीब 250 बिजनेस स्कूलों से लगभग 5000 प्रतिभागी लेने के लिए पहुंच रहे हैं। साथ ही स्टार नाइट्स भी देखने को मिलेगी।

इंफ्यूजन-19 की तैयारियों को लेकर विद्यार्थी देर रात तक तैयारियों में ही लगे रहे। कुछ डांस और म्यूजिक की रिहर्सल करते हुए नजर आए तो कुछ कलरफुल बोर्ड बनाते हुए। कार्निवल के पहले दिन ही आईआईएम के विद्यार्थियों ने हेल्थ यूनिवर्सिटी की छात्राओं के साथ मिलकर स्लम एरिया में सेनेटरी नैपकिन के प्रति महिलाओं को जागरूक किया।



इंफ्यूजन-19 में लाइट लैंप जलाते स्टूडेंट्स।



आईआईएम रोहतक में इंफ्यूजन-19 को लेकर डांस करतीं छात्राएं



आईआईएम रोहतक में इंफ्यूजन-19 को लेकर कलरफुल बोर्ड बनाते हुए विद्यार्थी।

## 11 जनवरी : ऐसे चलेगा मिनट टू मिनट इंफ्यूजन-19

| समय | कार्यक्रम |
|---|---|
| सुबह 12 से 2 बजे तक | 72 घंटे कार्निवल शुरू |
| सुबह 2 से 4 बजे तक | साइलेंट डिस्को |
| सुबह 4 से 7 बजे तक | लो-लाइट फोटोग्राफी एक्टिवेशन |
| सुबह 8 से 8:30 बजे तक | इनोग्रेशन सेरेमनी |
| सुबह 8:30 से 9 बजे तक | डायरेक्टर टॉक |
| सुबह 9 से 10 बजे तक | विशिष्ट अतिथि टॉक |
| सुबह 10 से शाम 4 बजे तक | कॉन्सपेक्टस राउंड-1 |
| सुबह 11 से शाम 5 बजे तक | बैटल ऑफ बैंड्स |
| शाम 5 से 7 बजे तक | प्रत्युष चौबे एंड किशोर दयानी की कॉमेडी नाइट्स |
| रात 8 से 10 बजे तक | चार हजारी रॉक बैंड लाइव |
| रात 10 से 12 बजे तक | फूड फेस्ट एक्टिवेशन्स |

## 12 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम

| समय | कार्यक्रम |
|---|---|
| सुबह 12 से 2 बजे तक | साइलेंट डिस्को |
| सुबह 2 से 5 बजे तक | ऑल नाइटर क्विज |
| सुबह 5 से 8 बजे तक | ओपिनियन कॉन्टेस्ट बॉय ओपन टॉक |
| सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक | रास यानि नुक्कड़ नाटक |
| सुबह 10 से शाम 4 बजे तक | कॉन्सपेक्टस राउंड-2 |
| सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक | बीट बॉक्सिंग कॉम्पीटिशन |
| दोपहर 12 से दोपहर 2 बजे तक | कील द बीट यानि सोलो डांस |
| दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक | ग्लेम एंड ग्रूव यानि ड्यूएट डांस |
| दोपहर 2:30 से शाम 6:30 बजे तक | फेमिना मिस इंडिया कैंपस प्रिंसेस |
| शाम 7 से रात 10 बजे तक | इंटरनेशनल डीजे मिस तारा की ईडीएम नाइट |
| रात 10 से 12 बजे तक | फूड फेस्ट एक्टिवेशन्स |

## 13 जनवरी

| | |
|---|---|
| सुबह 12 से 2 बजे तक | साइलेंट डिस्को |
| सुबह 2 से 4 बजे तक | मिड नाइट फेस डांस ऑफ |
| सुबह 4 से 6 बजे तक | जैमिंग सीजन इन बोन फायर एरिया |
| सुबह 6 से 8 बजे तक | मैराथन रजिस्ट्रेशन |
| सुबह 8 से 9 बजे तक | मैराथन फ्लैग ऑफ सेरेमनी |
| सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक | मिनी मैराथन-2019 |
| सुबह 10 से शाम 4 बजे तक | कॉन्सपेक्टस फाइनल राउंड |
| सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक | सॉन्ग ड्यू यानि सोलो सिंगिंग |
| सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक | चित्रा ड्रामा |
| दोपहर 1 से 3 बजे तक | मिस्टर एंड मिस इंफ्यूजन |
| दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक | ग्रुप डांस |
| दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक | फैशन शो |
| शाम 7 से रात 10 बजे तक | सिंगर हार्डी संधु लाइव |
| रात 10 से 12 बजे तक | एलुमनी हाफ ऑफ फेम |